अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 03/10/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 05	क्रम सं0(Serial No.) 6

महिला सिपाही दो झपटमारों से भिड़ी, एक को दबोचा

नई दिल्ली। अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास सुबह की सैर पर निकली सीआईएसएफ की महिला सिपाही से बाइक सवार बदमाशों ने झपटमारी की कोशिश की। महिला के गले से बदमाश ने चेन झपट ली, लेकिन बहादुरी दिखाते हुए महिला न सिर्फ बदमाशों से भिड़ गई, बल्कि एक बदमाश को दबोच भी लिया। हालांकि इस दौरान महिला घायल हो गई। फिलहाल पुलिस फरार दूसरे बदमाश की तलाश कर रही है।

सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, सिपाही सुप्रिया नायक सीआईएसएफ यूनिट डीएमआरसी में तैनात हैं। वह बुधवार सुबह घर के पास अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के समीप सुबह की सैर पर निकली थी। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गले से चेन छीन ली, लेकिन उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए बदमाशों का सामना किया। एक बदमाश बाइक से गिर गया, जबकि दूसरा बदमाश फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से एक बदमाश को पकड़ लिया गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी

गिरफ्त में बदमाश। अमर उजाला

गई। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना में घायल हुई महिला सिपाही की चिकित्सा जांच एलबीएस अस्पताल में कराई गई। सीआईएसएफ की महानिदेशक ने सिपाही के साहसिक कार्य की सराहना की। ब्यूरो